7 Jul 2020

Social media
Share this article

# रायपुर : प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 14 जुलाई को : परीक्षा केन्द्र स्थल कन्टेटमेंट जोन एरिया में हो तो करें वैकल्पिक व्यवस्था

**फिजिकल डिस्टेंसिंग पालन के संबंध में कलेक्टरों को निर्देश**

रायपुर, 07 जुलाई

प्रदेश में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा संचालित प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में कक्षा 9वीं में प्राक्चयन परीक्षा 14 जुलाई को सुबह बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित की गई है। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव को ध्यान में रखते हुए संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास ने सभी कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी किए है।

निर्देश में कहा गया है कि परीक्षा के लिए सभी संबंधित जिलों में परीक्षा केन्द्रों की स्थापना की गई है। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि यदि किसी जिले में परीक्षा केन्द्र स्थल कन्टेटमेंट जोन एरिया म हो, तो ऐसी दशा में परीक्षार्थियों के लिए वैकल्पिक परीक्षा केन्द्र की स्थापना की जाए, ताकि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो। इसकी सूचना परीक्षार्थियों को समय पूर्व दी जाएं। परीक्षार्थियों के प्राप्त पत्रों के आधार पर आवश्यकता अनुसार परीक्षा कक्ष की व्यवस्था की जाए। इसमें दो विद्यार्थियों के मध्य फिजिकल डिस्टेंसिंग में 6 फीट की दूरी रखी जाए। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा कक्षों एवं शौचाल साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी पर्यवेक्षक, केन्द्राध्यक्ष, निरीक्षणकर्ता और परीक्षार्थी मास्क लगाकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करें। परीक्षा केन्द्र को परीक्षा के पूर्व सेनेटाईज करा लिया जाए। इसव नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत या पंचायत का सहयोग लिया जाए। परीक्षा केन्द्र की कक्षों में प्रवेश करने के पूर्व परीक्षार्थियों, पर्यवेक्षक और अन्य कर्मचारियों के हाथों को सेनेटाईज करने की व की जाए। किसी भी विद्यार्थी का स्वास्थ्य खराब होने पर उसकी बैठक व्यवस्था पृथक से की जाए। परीक्षा के दौरान चिकित्सक और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था भी की जाए।

क्रमांक-2380/

TAGS:

Print this article